दुर्गा अष्टमी पर हुए अनुष्ठान, देवी मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर दुर्गा अष्टमी के अवसर पर गुरुवार को शहर भर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। नागणेची मंदिर, करणी माता मंदिर, गायत्री माता मंदिर, त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, सुजानदेसर स्थित काली माता मंदिर, अमर सिंह पुरा की वैष्णो देवी मंदिर, जयपुर रोड स्थित वैष्णो धाम तथा लक्ष्मीनाथ जी मंदिर परिसर की चामुंडा माता मंदिर सहित प्रमुख देवी स्थलों पर भक्तों ने विधि-विधान से पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की। माता रानी को प्रसन्न करने के लिए लापसी बनाकर भोग लगाया गया, जिसे प्रसाद के रूप में परिवारजनों और आसपास के लोगों में वितरित किया गया। इसके साथ ही कन्या पूजन का भी विशेष महत्व रहा। श्रद्धालुओं ने छोटी-छोटी कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया, उन्हें भोजन करवाया और उपहार भेंट किए। शहर में दुर्गा अष्टमी का पर्व उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। मंदिरों में साज-सज्जा, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों ने माहौल को और भी श्रद्धामय बना दिया। श्रद्धालुओं ने माता रानी से परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

कालका मंदिर में भव्य आयोजन

जिले के कालू गांव में विश्वविख्यात कालका माता मंदिर में महाअष्टमी के अवसर पर भव्य आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंचे। कालू कस्बे में स्थित यह काली माता मंदिर नवरात्र पर्व के दौरान जन-जन की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। नवरात्र के नौ दिनों तक यहां विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। महाअष्टमी के दिन विशेष रूप से भव्य आरती की गई। इससे पहले महासप्तमी की रात को विशाल जागरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। माता के दर्शनों के लिए दूर-दराज से भी भक्त कालू पहुंच रहे हैं। श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर, जयपुर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर सहित राजस्थान के विभिन्न हिस्सों और राज्य के बाहर से भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन यहां आते हैं। मंदिर में दिन में चार बार भव्य ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती है, जिसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाता है। मंदिर में स्थापित काली माता की मूर्ति स्वयंभू प्रकट हुई है, जिसे किसी व्यक्ति द्वारा स्थापित नहीं किया गया है। मान्यता है कि यह मूर्ति धोरा धरती को चीरते हुए स्वयं प्रकट हुई थी।

वीर हनुमान मंदिर में रामनवमी का पर्व मनाया गया

नोखा। कस्बे के वीर हनुमान मंदिर में शुक्रवार को पंडित जगदीश महाराज के सान्निध्य में सामूहिक रूप से विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए, पुष्प वर्षा की तथा हनुमान चालीसा और राम स्तुति का पाठ किया। इसके उपरांत महाआरती का आयोजन किया गया। भगवान श्रीराम दरबार के समक्ष सवामणी का भोग लगाया गया। पूजा के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर, पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सीताराम पंचारिया, विकास मंच अध्यक्ष ललित झंवर, किशनलाल लाहोटी, माहेश्वरी सभा अध्यक्ष भंवरलाल बाहेती, अंकित तोषनीवाल, देवकिशन चांडक, बजरंग सुथार, जेठाराम कुमावत, प्रमोद पंचारिया, नारायणसिंह राजपुरोहित, रवि रंगा, राजू दिलोइया, भगवानाराम सुथार, हंसराज खारा, मूलाराम उपाध्याय, हरिकिशन डागा, जेठमल लाहोटी, देव राठी, पवन राठी, दीपक पालीवाल, राधेश्याम जोशी, नंदू लाहोटी, अजय महाराज सहित कई रामभक्त और मातृशक्ति उपस्थित थे।

पवनकुमार पारीक को पाँचवीं बार सौंपा राष्ट्रीय महामंत्री दायित्व



कामयाब कलम रिपोर्टर।

नोखा। तीर्थराज पुष्कर की पावन धरा पर आयोजित दिव्य गायत्री महायज्ञ के दौरान विप्र फाउंडेशन की स्थापना काल से जुड़े नोखा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पवनकुमार पारीक को पाँचवीं बार राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व प्राप्त होने पर गायत्री महायज्ञ कोर कमेटी एवं आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष परमेश्वर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पारीक ने संगठन के प्रति अद्वितीय समर्पण और कर्मयोग का परिचय देते हुए आठ वर्षों तक राष्ट्रीय सचिव तथा दस वर्षों तक राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में दायित्व निभाया है। देशभर के अनेक राज्यों में प्रभारी रहते हुए उन्होंने संगठन विस्तार, कार्यकर्ता निर्माण एवं सामाजिक समन्वय में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विप्र फाउंडेशन के सैकड़ों राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक आयोजनों में संयोजक के रूप में उनकी कुशल संगठन क्षमता ने प्रत्येक कार्यक्रम को सफल एवं प्रेरणादायी बनाया।आयोजन समिति के सदस्य सीताराम पाण्डिया ने बताया कि पारीक का नोखा सहित देशभर में पारीक समाज के सामाजिक भवनों एवं संगठनों को जोड़ने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वहीं पारीक ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया।

10वीं में 92.33 प्रतिशत अंक, अश्वनी कुमार ने बढ़ाया स्कूल और परिवार का मान

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। छोटी सी उम्र में अश्वनी कुमार ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय व्यास पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही परिवार और परिचितों में खुशी का माहौल बन गया तथा उन्हें लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं। अश्वनी कुमार के पिता ताराचंद गेपाल और माता करिश्मा सुथार को भी इस उपलब्धि पर लोगों ने शुभकामनाएँ दीं। अश्वनी कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही यह परिणाम संभव हो पाया है। इस अवसर पर राजस्थान राज्य कर्मचारी लोकतांत्रिक महिला एवं बाल विकास की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती बसंती सुथार ने भी अश्वनी कुमार को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार ने बताया कि वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहता है और समाज सेवा के क्षेत्र में काम कर लोगों की मदद करना उसका लक्ष्य है।

खेत मे घायल अवस्था मे मिले हिरण के बच्चे को मुस्लिम परिवार ने पाला

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बाप (सुरेश कुमार खत्री)। बाप उपखंड क्षेत्र के कालू खान की ढाणी में एक मुस्लिम परिवार ने खेत में घायल अवस्था में मिले एक हिरण के छोटे बच्चों को करीब एक माह तक पाला। चारा खाने जैसा होने पर इस हिरण के बच्चे को वन विभाग को सौंप दिया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी बाप प्रेमाराम मेघवाल ने बताया कि कालू खां की ढाणी निवासी अलाबक्स ने 1 माह पहले अपने खेत में एक हिरण के बच्चे को घायल अवस्था में देखा। इस पर अलाबक्स ने अपने खेत में ही घायल हिरण के बच्चे का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद हिरण के बच्चे को अलाबक्स अपने घर ले आया तथा एक माह तक बकरी व गाय का दूध पिलाकर बड़ा किया। क्षेत्रीय वन अधिकारी मेघवाल ने बताया कि हिरण का बच्चा अब कुछ चारा खाने लगा तो अलाबक्स द्वारा वन विभाग को सूचित किया गया। इस पर वन विभाग रेस्क्यू टीम वनरक्षक विकास विश्नोई, भँवरसिंह, फारुख खान के साथ वन्यजीव प्रेमी पांचाराम डारा मौके पर पहुँचे तथा अलाबक्स का सम्मान किया। वही हिरण को रेस्क्यू करके जाम्भा स्थित रेस्क्यू सेंटर में देखभाल के लिए छोड़ दिया गया है। वन्य जीव प्रेमी पांचाराम डारा ने वन विभाग व जिला प्रशासन से मांग करते हुए अलाबक्स की जीव दया के प्रति प्रेम को लेकर जिला स्तर पर सम्मानित करवाने की मांग की है।

बाप में श्रीरामनवमी पर निकली विराट शोभायात्रा

कामयाब कलम रिपोर्टर।

.

बाप (सुरेश कुमार खत्री)। भगवान श्रीराम के जन्म उत्सव पर गुरुवार को नगरपालिका मुख्यालय बाप पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान बाप कस्बा भगवामय हो गया। भैरव नगरी बाप में हर तरफ भगवा ही भगवा लहरा रहा था। शोभायात्रा शाम करीब साढ़े चार बजे पालीवाल न्याति नोहरा से प्रारंभ हुई, जो गायत्री मंदिर, धामटो का बास, मुख्य बाजार, वर्तमान बस स्टैंड, सुथारों का बास, चौधरीयों का बास, मेघवालो का बास, बाबा रामदेव मंदिर होते हुए आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न विभिन्न प्रकार की आकर्षक झांकियों ने शोभा यात्रा की भव्यता बढ़ाई। यात्रा में भगवान श्रीराम, सीता, हनुमान, जंभेश्वर भगवान, स्वामी विवेकानंद, श्रीयादे माता, विश्वकर्मा भगवान, राधा कृष्ण सहित कई प्रकार की झांकियां ट्रैक्टरों पर सजाई गई थी। ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए बाप पुलिस के जवान मय जाब्ता साथ चल रहे थे। आदर्श विद्या मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन हुआ। इस दौरान सैकड़ों सनातन प्रेमी उपस्थित थे।

आज शाम आयोजित होगा गीत संगीत कार्यक्रम

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। सुर गंगा म्यूजिकल ग्रुप बीकानेर द्वारा 27 मार्च को शाम 5 बजे महाराजा नरेंद्रसिंह ऑडिटोरियम में एक शाम एसएच बिहारी राजा मेहदी अली खान के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें गीतकार एस एच बिहारी और राजा मेहदी अली खान के लिखे गीत पेश किए जाएंगे। कार्यक्रम के आयोजित एम रफीक कादरी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि एन डी रंगा होंगे और अध्यक्षता एमआर मुगल करेंगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति–शक्ति उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवम् उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 17.04.2026 को 15.00 बजे तक निम्नानुसार खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है :– **क्र.सं.** : 1 **निविदा संख्या** : SNT-GS-BKN-2025-26-04R1 **कार्य का नाम व स्थान** :बीकानेर डिवीजन के कोलायत स्टेशन पर गुड्स शेड की सुविधाओं में वृद्धि के साथ –साथ सीसीटीवी की व्यवस्था करना **कार्य की अनुमानित लागत रू** : 5896926.16 **बिड सिक्यूरिटी राशि रू.** : 117900.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : बोली शुरू होने की तारीख **03.04.2026** और निविदा बंद होने की तारीख और समय **17.04.2026** को 15.00 बजे तक। **नोट** : अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

443-DR/26

हमें /NWRailways NWRailways पर फॉलो करें

नाम परिवर्तन

मैं दीनदयाल सुथार पुत्र पूनम चन्द सुथार, निवासी विश्वकर्मा गेट के अंदर, 3 नं. डिस्पेंसरी के पास, बीकानेर का हूं जो कि शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री का नाम अलेक्षा (ALEKSHA) है, जिसे बदलकर नया नाम पलक सुथार (PALAK SUTHAR) रखा गया है। भविष्य में मेरी पुत्री को सभी दस्तावेजों में पलक सुथार नाम से ही जाना व माना जाएगा। पुराना एवं नया नाम दोनों एक ही व्यक्ति के हैं।

शपथकर्ता
(दीनदयाल सुथार)

बिजली पोल बना यातायात में बाधक

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। जिले के मुख्य डाकघर के पास यातायात समस्या का समाधान करने के लिए संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ने चारदीवारी का कुछ हिस्सा तोड़वाया था, लेकिन अब विद्युत पोल यातायात में बाधक बन गया है। सामाजिक कार्यकर्ता चौरू लाल सुथार ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर पोल को यथोचित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की है। सुथार का कहना है कि पोल की वजह से यातायात समस्या बढ़ गई है और लोग गाडिया खड़ी कर देते हैं। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश देने की मांग की है ताकि यातायात सुचारू हो सके।

अपेक्षा का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर जताई प्रसन्नता

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बाप (सुरेश कुमार खत्री)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रिड़मल नगर जाम्बा की छात्रा अपेक्षा पुत्री रामदयाल का चयन शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नवोदय विद्यालय में होने पर पूरे गांव में खुशी की लहर छा गई। अपेक्षा के पिता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाम्बा की ढाणी में बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक के पद पर कार्यरत हैं। जबकि माता काली बाई गृहणी होने के साथ ग्राम पंचायत जाम्बा की पूर्व सरपंच भी रह चुकी हैं। साधारण परिवार से आने वाली अपेक्षा ने अपनी मेहनत और लगन से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अब बालिका अपेक्षा कक्षा 6 से 12 तक जिले के सबसे प्रतिष्ठित नवोदय विद्यालय में अध्ययन करेगी, जिसमें चयन होना भी एक बड़ी बात होती है। छात्रा के चयन की सूचना मिलते ही ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षाविदों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महंत भगवानदास, महंत प्रेमदास, महंत आनंदप्रकाश, जिला परिषद सदस्य रेशमाराम गोदारा, पंचायत समिति सदस्य रामकुमार सियाग, ग्राम पंचायत जाम्बा के प्रशासक मनोहरराम गिला, जीएसएस जाम्बा के पूर्व अध्यक्ष देवाराम सियाग, पीईईओ महिपाल सिंह सारण, स्वामी बालकृष्ण, व्याख्याता बुधाराम कड़वासरा, सेवानिवृत्त एसटीओ अर्जुनराम सियाग, सोहनराम विश्नोई सहित अनेक गणमान्य लोगों ने छात्रा को शुभकामनाएं दी।

बीकानेर में 29–31 मार्च को होगा 'अमर कला महोत्सव–2026' का भव्य आयोजन

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं कला संस्कृति विभाग, राजस्थान के सहयोग कल्पना संगीत एवं थियेटर संस्थान, बीकानेर द्वारा प्रख्यात संगीतकार स्व. अमर चंद पुरोहित की स्मृति में आगामी तृतीय तीन दिवसीय 'अमर कला महोत्सव-2026' के तीसरे संस्करण स्थानीय टी. एम. ऑडिटोरियम, गंगाशहर, बीकानेर में आगामी 29, 30 व 31 मार्च-2026 को आयोजित किया जा रहा। आयोजन सचिव विपिन पुरोहित ने बताया कि इस बहुप्रतिक्षित आयोजन में संगीत, नृत्य व नाटक प्रदर्शन के साथ-साथ फोटोग्राफी, पैंटिंग व अभिनय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। प्रथम दिवस 29 मार्च को दोपहर 3 बजे उद्घाटन सत्र के पश्चात श्री सखी रूप, बीकानेर द्वारा ईशवंदन, श्री वीणा नृत्य अकादमी, बीकानेर द्वारा वीणा जोशी के निर्देशन में व कलांजली, बैंगलूरू की ओर से रूचि बालानी द्वारा कत्थक नृत्य का प्रदर्शन के साथ-साथ सांयकालीन सत्र में सायं 5 बजे सुगम संगीत सरीता कार्यक्रम के तहत पं. नारायण दास रंगा, पं. पुखराज शर्मा व राजनारायण पुरोहित गीत व गजलों की प्रस्तुति देंगे। अंतिम सत्र में 7:30 बजे कल्पना संस्थान के नाट्य दल द्वारा विपिन पुरोहित के निर्देशन में नाटक 'दुश्मन उर्फ सैंया मगन पहलवानी में का मंचन होगा। दूसरे दिवस 30 मार्च 2026 को अपराह्न 3 बजे मास्टर तेजस जोशी का तबला वादन, श्री जैन पब्लिक स्कूल की नाट्य प्रस्तुति अग्नि पुत्री का मंचन भरत सिंह के निर्देशन में होगा। सायं 4:30 बजे जोधपुर के बुंदू खाँ लंगा पार्टी द्वारा लोक गीतों की प्रस्तुतियों व सायं 7:30 बजे गूंज कला एवं संस्कृति संस्थान द्वारा अनोप सिंह के निर्देशन में नाटक 'टैडी और हम' का मंचन किया जाएगा।

राजस्थान – सरकार

कार्यालय नगर पालिका बाप (फलौदी)

क्रमांक न.पा./2025-26/3219 दिनांक 25.03.2026

–:आपत्ति – आमन्त्रण सूचना :–

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदक द्वारा अपनी आबादी भूमि में नामान्तरण स्वीकृति कराने सम्बन्धित चैनल दस्तावेज मय ब्लू प्रिन्ट, नक्शा, पट्टा मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका में नामान्तरण हेतु आवेदन पेश किया है। उस पर जिस किसी को आपत्ति / ऐतराज हो तो आपत्ति जारी होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर मियाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद मियाद आपत्ति नहीं होगी। सूचित रहे।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	प्लॉट नं./पट्टा नं.	स्थान	क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)	उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पश्चिम	आवेदन का प्रकार
1.	नारायण खत्री पुत्र श्री राणुलाल	patta No 270	पुराना बस स्टेण्ड बाप	2760	श्री केदारनाथ का भूखण्ड	खाली भूमि	खाली भूमि	50 फिट रास्ता	आबादी भूमि नामांतरण/ उपविभाजन

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका बाप

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.04.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
गंगानगर, सूरतगढ राजस्थान, 135560730050388,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/– रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.